भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल, के निलम्बित कर्मचारियों द्वारा उपस्थिति लगाना

3952. **श्री मदन तिवारी :**

श्री शरद यादव :

क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल के कर्मचारियों के लिए स्थायी आदेशों में नौकरी से निलम्बित कर्मचारियों की कारखाने के मुख्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यालय मे प्रतिदिन अपनी उपथिति देने का प्रावधान है ;

(ख) यदि हा, तो क्या नवम्बर और दिसम्बर, 1977 और जनवरी, 1978 में श्रमिक आन्दोलन मे भाग लेने के कारण निलम्बित किए गये कर्मचारियों को मुख्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यालय मे जाकर उपस्थिति देने की व्यवस्था है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी आभा मयती) : (क) और (ख) : जी, हां।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

अण्डमान और निकोबार द्वीप समूहों में आदिवासियों की संख्या

3953. **श्री राघवजी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अण्डमान और निकोबार द्वीप समूहों मे इस समय जातिवार जनसंख्या कितनी है ; और

(ख) क्या यह सच है कि इन द्वीप समूहों में आदिवासियों की संख्या में निरन्तर कमी हो रही है ; यदि हां, तो इस कमी के क्या कारण है ; और

(ग) इसे रोकने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मंडल) :

(क). सन 1951, 1961 तथा 1971 की जनगणनाओं के अनुसार अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह मे अनुसूचित जन जातियों की जनसंख्या का एक विवरण संलग्न है।

(ख) और (ग) अण्डमानीय जरावा तथा जातियों के बारे मे कमी की प्रवृत्ति देखी गई है। इसके अनेक कारण प्रतीत होते है जैसे कम प्रजनन शक्ति, दीर्घ जीवन तथा स्त्री-पुरुषों का अनुपयुक्त अनुपात आदि चिकित्सा, स्वास्थ्य तथा स्वास्थ्य वर्द्धक सुविधाओं में सुधार किया जा रहा है और आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उपाय किए जा रहे है।

विवरण

अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में 1951–1971 तक अनुसूचित जनजातियों की अलग-अलग जनसंख्या :

जनजाति	1971	1961	1951
1	2	3	4
1. अण्डमान जिस में चारियर या चारी, कोरा, ताबों या बो, यारे केडे, बी, बलावा, बेजिगियाव, जुवाई और कोल :	24	19	23